कायाकल्प योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश राज्य सड़क मार्ग परिवहन निगम **(UPSRTC)** द्वारा 'कायाकल्प योजना' के तहत सभी मंडल के लिये नोडल अधिकारी तैनात किये गए हैं, जिसका उद्देश्य रोडवेज बस स्टेशन में यात्री सुविधाओं में सुधार करना है।

प्रमुख बिंदु

- इस योजना के तहत यात्रियों को गर्मी से राहत देने के लिये प्रत्येक बस अड्डे पर स्वच्छ पेयजल व वाटर कूलर की व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। बस स्टेशनों पर साफ-सफाई की व्यवस्था के अलावा महिला-पुरुषों के शौचालयों की नियमित सफाई भी होगी।
- साथ ही बस स्टेशनों को रिपेंट **(Repaint)** किया जाएगा और यात्रियों को समय-सारिणी एवं किराया तालिका के बारे में सूचित करने वाले नये संकेत भी लगाए जाएंगे।
- इसके अतिरिक्त बस स्टेशनों पर यार्ड, भवन और कमरों की मरम्मत की जाएगी। यात्री शेड में सीटों की व्यवस्था के साथ ही गर्मी से राहत देने के लिये रोशनी, पंखे/कूलर की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kayakalp-scheme